Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding approval for opening of 11th and 12th classes in existing Kendriya Vidyalaya in Bhind, MP.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं ।

महोदय, मेरा क्षेत्र दतिया माँ पिताम्बरा की नगरी है । वहां केन्द्रीय विद्यालय है, जिसमें कक्षा 1 से 10 वीं तक पढ़ाई होती है, लेकिन 10वीं के बाद छात्रों को इधर-उधर भटकना पड़ता है । मैं माननीय मंत्री जी से पहले आग्रह कर चुकी हूं और पत्र भी दे चुकी हूं । इसके लिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी आग्रह करती हूं । कल से कक्षाएं चालू होने वाली हैं, मैं मंत्री जी से मांग करती हूं कि उसमें 11वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए स्वीकृति प्रदान करें । यह बहुत अच्छा रहेगा, क्योंकि बच्चे वास्तव में इंतजार कर रहे हैं कि कल से कक्षाएं चालू हों और हमें स्कूल जाने का अवसर मिले । आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, इसलिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संध्या राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।